भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 374
21 जुलाई, **2023** को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

लू से होने वाली मौतों के मामले

374. श्री एस. रामलिंगम:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में, विशेषकर तमिलनाडु में गर्मी की लहर से होने वाली मौतों को रोकने के लिए कोई कदम उठाए हैं या उपचारात्मक उपाय किए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास पिछले दस वर्षों के दौरान देश भर में, विशेषकर तमिलनाडु राज्य में गर्मी की लहर के कारण हुई मौतों पर कोई स्पष्ट जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार के पास देश में लू से होने वाली मौतों को कम करने के लिए कोई नीति/जानकारी/कार्य योजना है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल**)**

(क) से (ड़.) : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए जागरूकता सृजन, स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली और स्वास्थ्य तत्परता और अनुक्रिया की क्षमता को सुदृढ़ करने और अन्य मिशनों के साथ तालमेल/साझेदारी करने के उद्देश्य से वर्ष 2019 में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) आरंभ किया है।

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लू से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करके कई पहलें की हैं। इसमे निम्नलिखित शामिल हैं:

1. राज्य के अधिकारियों को विभिन्न आईईसी कार्यक्रमों के माध्यम से सामान्य जागरूकता बढ़ाने के लिए संदेश प्रसारित करने और गर्मी से स्वास्थ्य पर प्रभाव और इसकी रोकथाम पर संवेदीकरण हेतु कार्यशालाएं आयोजित करने की सलाह दी गई है।
2. सार्वजनिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए, एनपीसीसीएचएच गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों को ट्रैक करने और प्रबंधन के बारे में राज्य/जिला स्तर के कार्यक्रम अधिकारियों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण/कार्यशालाएं आयोजित करता है।
3. स्वास्थ्य क्षेत्र की तत्परता के बारे में 'क्या करें' और 'क्या न करें' सहित कई परामर्शिकाएं भी राज्यों के साथ साझा की गई हैं।
4. "गर्मी से संबंधित बीमारियों के बारे में राष्ट्रीय कार्य योजना" जुलाई, 2021 में जारी की गई है और यह केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
5. राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे गर्मी से संबंधित रोगों के उपचार और संबंधित मौतों को कम करने के लिए जागरूकता सृजन, स्वास्थ्य प्रणाली क्षमता उन्नयन और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर ध्यान देने के साथ अपनी राज्य-स्तरीय गर्मी स्वास्थ्य क्षेत्र योजना तैयार करें। अब तक, तमिलनाडु राज्य सरकार सहित 28 राज्यों ने गर्मी संबंधी स्वास्थ्य कार्य योजनाएं पूरी कर ली हैं।
6. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) लू की चेतावनी (प्रारंभिक चेतावनी) जारी करता है और स्वास्थ्य केंद्रों की तत्परता और अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इन्हें राज्य नोडल अधिकारियों-जलवायु परिवर्तन के साथ साझा किया जाता है।
7. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर पर्याप्त तत्परता सुनिश्चित करने के लिए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अप्रैल, 2023 में तत्परता, नियंत्रण और प्रबंधन सहित लू से संबंधित बीमारियों (एचआरआई) के लिए स्वास्थ्य प्रणाली की तत्परता को मजबूत करने के बारे में दिशानिर्देश जारी किए हैं।

लू के कारण राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट की गई मौतों का ब्यौरा अनुलग्नक में है।

अनुलग्नक

लू के कारण राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**-**वार मौतों की सूची									
राज्य/ संघ राज्य **क्षेत्र**	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023** (दिनांक 30.06.2023 तक)
आंध्र प्रदेश	1422	723	236	8	29	0	0	1	4
अरुणाचल प्रदेश	--	--	--	--	एन.आर.	1	एन.आर.	0	0
बिहार	--	0	0	2	121	एन.आर.	एन.आर.	0	8
छत्तीसगढ	--	1	0	0	0	0	एन.आर.	एन.आर.	0
दिल्ली	--	--	0	0	0	एन.आर.	0	0	1
गोवा	--	--	--	--	0	एन.आर.	एन.आर.	0	0
गुजरात	17	7	0	3	8	एन.आर.	एन.आर.	0	35
हरियाणा	0	0	0	0	0	एन.आर.	एन.आर.	एन.आर.	0
हिमाचल प्रदेश	--	--	--	--	0	एन.आर.	एन.आर.	एन.आर.	9
जम्मू और कश्मीर (जम्मू क्षेत्र)	--	--	--	--	0	1	एन.आर.	0	0
जम्मू और कश्मीर (कश्मीर क्षेत्र)					0	2	एन.आर.		
झारखंड	--	4	0	0	0	एन.आर.	एन.आर.	एन.आर.	0
कर्नाटक	--	0	2	0	0	एन.आर.	0	एन.आर.	1
केरल	--	--	--	--	1	0	0	0	120
मध्य प्रदेश	--	0	3	1	2	एन.आर.	एन.आर.	एन.आर.	10
महाराष्ट्र	--	7	9	2	6	0	एन.आर.	27	14
ओडिशा	60	36	17	7	0	एन.आर.	0	3	7
पंजाब	0	0	0	0	0	एन.आर.	एन.आर.	0	0
राजस्थान	--	9	9	1	3	0	एन.आर.	एन.आर.	0
तमिलनाडु	0	0	0	0	1	एन.आर.	0	0	12
तेलंगाना	541	324	108	0	42	एन.आर.	एन.आर.	2	20
उत्तर प्रदेश	--	0	0	0	2	एन.आर.	0	एन.आर.	12
उत्तराखंड	--	--	--	--	0	एन.आर.	एन.आर.	0	0
पश्चिम बंगाल	--	0	0	1	एन.आर.	एन.आर.	एन.आर.	एन.आर.	11

*****